सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-397
20/09/2018

हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी अमर है :– मुख्यमंत्री

पटना, 20 सितम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुहर्रम की 10वीं तारीख के अवसर पर कर्बला के शहीदों एवं हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि मैदान–ए–कर्बला में अन्याय, जुल्म, अहंकार के विरूद्ध हक और सच्चाई के लिए हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों द्वारा दी गई कुर्बानी अमर है। इसे रहती दुनिया तक याद किया जायेगा। इससे प्रेरणा लेकर हमें इंसानियत, सच्चाई और भलाई के लिए बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिये।

मुख्यमंत्री ने मुहर्रम के अवसर पर राज्यवासियों से अपील कि है कि वे हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को याद करें और सच, इंसानियत, हक और भलाई के आदर्शों को अपनाते हुये बुराई, अहंकार और आतंक के विरूद्ध वातावरण बनायें। उन्होंने मुहर्रम को पूरे मेल–जोल, भाईचारा और आपसी सौहार्द्र के साथ मनाये जाने की अपील राज्यवासियों से की है।

****